बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), पटना–800015.

ई–मेल
फोन नं0 :– 0612–2217956
फैक्स नं0 :– 0612–2215611
ई–मेल :– **ceo_bihar@eci.gov.in**

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांकः 17 अक्टूबर, 2025

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार द्वारा आज निर्वाचन तैयारियों की प्रगति की समीक्षा हेतु सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–जिला पदाधिकारी के साथ वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई, जिसमें सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित नोडल अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्वाचन व्यय निगरानी, मीडिया मॉनिटरिंग, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान, संचार एवं परिवहन योजना, बल तैनाती, प्रशिक्षण, शिकायत निवारण, आईटी एप्लिकेशन, वेबकास्टिंग व्यवस्था तथा आदर्श आचार संहिता के अनुपालन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की विस्तार से समीक्षा की गई। अभ्यर्थियों को व्यय संबंधी विधिक प्रावधानों से अवगत कराने, व्यय निगरानी टीमों के प्रशिक्षण एवं दर सूची अधिसूचना की स्थिति की समीक्षा की गई। प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक एवं सोशल मीडिया की निगरानी और मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुपालन पर बल दिया गया। डीएम एवं एसपी द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों के भ्रमण तथा अवैध शराब निर्माण और वितरण की रोकथाम हेतु की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। संचार एवं परिवहन योजना की गुणवत्ता तथा 'कम्युनिकेशन शैडो एरिया' में की गई विशेष व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। केंद्रीय बलों की तैनाती, रूट मार्च एवं कमजोर मतदान केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई। मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण, शिकायत निवारण तंत्र, 1950 हेल्पलाइन के प्रचार–प्रसार तथा विभिन्न आईटी एप्लिकेशन जैसे c-VIGIL, SUVIDHA, ENCORE, ERONET, Saksham App आदि के उपयोग की स्थिति पर भी समीक्षा की गई। महत्वपूर्ण मतदान केंद्रों एवं बॉर्डर चेकपोस्ट पर वेबकास्टिंग की तैयारी, अभ्यर्थियों की आपराधिक पृष्ठभूमि के प्रकाशन, मतदाता सूची, पोस्टल बैलेट, ETPBS एवं रैंडमाइजेशन की प्रगति की भी जानकारी ली गई। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलों को निर्देश दिया कि निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक स्तर पर निर्वाचन आयोग के दिशा–निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए ताकि राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हो सके।

****************